## एक नजर में

### लावारिस पशुओ के सम्बन्ध में की कार्यवाही

**टोकखुर्द।** नगर परिषद् टोंकखुर्द द्वारा नगर में घूम रहे लावारिश पशुओ को गोशाला में भेजने की कार्यवाही की गई तथा नगर के चौराहों पर एकत्रित पशुओ के सींगो पर रेडियम लगाया गया। तथा साथ ही पशु मालिको को हिदायत दी गई है की वह अपने पशुओ को बांध कर रखे यदि पशु मालिक के निजी पशु को गौशाला में भेज दिया जाता है तो 1000 रूपये की राशी प्रतिदीन के मान दंड के रूप में वसूली जावेगी ! लावारिश पशुओ के कारण नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है वाहन दुर्घटना होती रहती है। जबसे मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर राकेश वैध ने पदभार सम्भाला है जब से नगर परिषद् टोंकखुर्द के द्वारा नगर के विकास के लिए निरन्तर कार्यवाही की जा रही है।

### गुरु पूर्णिमा महापर्व पर गुरु पूजन किया



**देवास।** गुरु पूर्णिमा महापर्व पर गुरु पूजन किया मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन धर्म जागरण शाखा द्वारा गुरु पूर्णिमा महापर्व पर शालीपुरा आश्रम पर 108 गंगा शरण दास जी महाराज का गुरु पूजन कार्यक्रम किया इस दौरान पूज्य संत का चरण पूजन कर भगवा दुपट्टा पहना कर गुरु दक्षिणा के रूप में तांबा पात्र में बेलपत्र के बीज एवं दक्षिण स्वरूप नगद राशि भेंट कि इस दौरान सकल हिंदू समाज द्वारा मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के माध्यम से सम्मान स्वरूप अटल सम्मान पत्र भी सोपा इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के विष्णु प्रसाद खुशाल खारपा मुन्ना बाबा कन्नौद कान्हा पटेल पागरा कैलाश चौरसिया गुड्डू सत्तावन गुलाब गोठवाल पवन हिंदू ओमप्रकाश जी महेश ईवने भैसुन प्रकाश हरि सिंह मोहाई जागीर मुकेश संत भगत आदि लोग उपस्थित है इस दौरान महाप्रसाद भंडारा कन्या भोजन महाप्रसादी का आयोजन भी किया।

### भालू को पकड़कर खीवनी अभ्यारण छोड़ा



**कन्नौद।** वन परिक्षेत्र पानीगांव अंतर्गत 10 जुलाई को ग्रामीणों द्वारा रहवासी क्षेत्र में भालू के होने की सूचना वन अधिकारियों को दी गई तभी परिक्षेत्र सहायक पानीगांव ने तत्काल वन स्टाफ को सूचित किया। वन मंडलाधिकारी देवास अमितकुमार सिंह चौहान एवं उपवनमण्डल अधिकारी देवास एस के शुक्ला के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव द्वारा वन स्टाफ के साथ मौके पर पहुचने पर देखा कि ग्राम कालापाठा पेट्रोल पंप के समीप एक सुने मकान में भालू है जो आस पास हो रही चिल्ला चोट की आवाजें सुनकर वन क्षेत्र की ओर भागते हुए रोड पर बने पुलिया के नीचे चला गया। रेस्क्यू दल देवास के साथ परिक्षेत्र पानीगांव ,जिनवानी एवं कन्नौद के स्टाफ की मदद से भालू का सफल रेस्क्यू कर लिया होकर ।भालू को परिक्षेत्र कार्यालय पानीगांव ( बिजवाड )लाकर। पशु चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत भालू को खिवनी अभ्यारण छोड़ा गया। उक्त रेस्क्यू में रेस्क्यू दल देवास के साथ वन परिक्षेत्र पानीगांव जिनवानी एवं कन्नौद का स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### चतुर्मास रामायण पाठ का शुभारंभ 12 को

**कन्नौद।** नगर कन्नौद मे श्री खेडा पति हनुमान मंदिर तालाब पर जहाँ आप यदि कोई अर्जी लगा दो तो वह काम होता है ऐसा कहा जाता है। यहाँ चतुर्मास रामायण का शुभारंभ 82 वर्ष पूर्व वरिष्ठ समाज सेवी कालुराम भारतीय ने किया था जो अनवरत रूप से जारी है। श्री भारतीय के स्वर्गवास के बाद उनके पुत्र विष्णु प्रसाद भारतीय व्यवस्था संचालित कर रहे है। यहां मंदिर निर्माण मे दूसरी मंजिल पर सत्संग हाल मानपूर धार के समाज सेवी यादव सिंह चौहान तथा कमलादेवी चौहान के द्वारा निर्माण कराया है का शुभारंभ भी इसी दिन होगा। सन्तश्री नरसिंह दास जी महाराज नर्मदा तट , साध्वी अखिलेश्वरी देवी वागदी संगम, श्री आदर्श गुरु विद्या धाम इंदौर , कथा वाचक पंडित राजेश तिवारी कन्नौद तथा गौसेवक नारायण व्यास सतवास के सानिध्य मे रामायण पाठ का शुभारंभ किया जायेगा।

### गुरुपूर्णिमा पर गुरु पूजन किया



**सोनकच्छ।** धर्म का मर्म जब तक नहीं जानोगे तब तक धर्म को साधा नहीं जा सकता है। धर्म को साधने पहले अपने आचरणों को सुधारना होगा। भौतिकता में व्यक्ति धर्म तो कर रहा है लेकिन उस से जुड़ नहीं पा रहा है। तो फिर धर्म को कैसे धारण करे.. ? अपने अंदर समाहित बुराइयों को दूर करते जाओ धर्म पास आता जाएगा और आप उससे जुड़ने लगोगे। यह बातश्री महावीर जिनालय में चल रहे अष्टानिका पर्व के सप्तम दिवस पंडित पवन दीवान ने उपस्थित भक्तों से कही उन्होंने धर्म की कला समझने के लिए सती सीता का उदाहरण प्रस्तुत किया व महिलाओं वो पुरुषों को विकार रहित जीवन जीने की सीख प्रदान की। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि मंडल विधान के निर्विघ्न सानंद पूर्ण होने हेतु संकल्पित श्री आदिनाथ जैन नवयुवक मंडल व समाजजनो द्वारा 51 हजार मंत्र जाप का संकल्प लिया था। मंत्रोच्चार पूर्ण करते हुए भक्तों ने श्री विनायक मंत्र की पूजा अर्चना की। जिसके बाद गुरु पूजन करते हुए गुरुपूर्णिमा उत्सव मनाया गया। अष्टानिका पर्व के आठवें दिन भक्तों द्वारा श्री सिद्धचक्र मंडल विधान पर 1024 श्रीफलार्ग समर्पित किए गए। आज विश्वशांति महायज्ञ के साथ आयोजन का समापन होगा।

### स्वामी चिदानंदजी का किया स्वागत



**देवास।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा समिति संयोजक समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में ऋषिकेश परमार्थ निकेतन के प्रमुख व गंगा स्वच्छता अभियान के अध्यक्ष एवं पर्यावरण के प्रणेता परम पूज्य चिदानंदजी सरस्वती मुनि महाराज का मां की चुनरी ओढ़ाकर पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। स्वामी जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि मां चामुंडा की पहाड़ी कई सिद्ध योगी संत महात्माओं की तपोस्थली रही है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान भंडारा आयोजित कर धर्म के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। मैं सभी को आशीर्वचन देता हूं कि ऐसे ही धर्म के क्षेत्र में कार्य कर पुण्य लाभ लेते रहें। इस अवसर पर समाजसेवी मधुसूदन शर्मा, मदन लाल नागपाल, राजेश दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोहारदा में पटवारी की अनुपस्थिति से जनसेवा प्रभावित

**पालकगण हो रहे परेशान**

**लोहारदा।** नगर लोहारदा में पदस्थ पटवारी प्रीति बड़ोने की कार्यस्थल पर अनुपस्थिति से ग्रामीणों और पालकगण को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, भूमि संबंधी दस्तावेजों पर पटवारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है। लेकिन पटवारी के मुख्यालय पर अनुपस्थित रहने से आमजन दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पटवारी नियमित रूप से अपने हल्का कार्यालय लोहारदा में उपस्थित नहीं रहतीं, बल्कि अपने कार्यक्षेत्र से लगभग 12 किलोमीटर दूर सतवास तहसील में बैठती हैं। जब ग्रामीण उनसे संपर्क करते हैं तो वह स्पष्ट कहती हैं कि सतवास आओ, वहीं काम होगा। इस कारण आमजन को 12 किलोमीटर की यात्रा कर सतवास जाना पड़ता है, जिससे किराया-भाड़ा व समय दोनों की बर्बादी हो रही है। पूरा दिन आने-जाने में निकल जाता है।

जब इस विषय में पटवारी प्रीति बड़ोने से बात की गई, तो उनका कहना था, मेरा कार्यलय नहीं है, इसीलिए मैं उपस्थित नहीं हो पा रही। नगर के लोगों ने सुझाव दिया कि पटवारी नगर परिषद भवन में प्रतिदिन एक घंटे बैठें, ताकि पालकों के दस्तावेज संबंधी कार्य पूरे हो सकें। इस विषय में तहसीलदार हरिओम ठाकुर को भी अवगत कराया गया, जिनसे आग्रह किया गया कि पटवारी को अपने हल्के में उपस्थित रहने के निर्देश दिए जाएं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। नायाब तहसीलदार से बात की गई तो उन्होंने कहा की, मैं पटवारी से बात करूंगा। अगर कार्यालय नहीं है, तो किराए पर कमरा लेकर हल्के में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या प्रशासन इस लापरवाही पर कोई ठोस कदम उठाता है या फिर पालकगण और ग्रामीण इसी तरह परेशानी झेलते रहेंगे।

# ग्राम बोरानी में पुरानी रंजिश को लेकर हमला

**देवास।** पुलिस थाना कांटाफोड़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरानी में पुरानी रंजीश को लेकर के महिला महिलाओं मैं प्राण घातक हमला किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कांटाफोड़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरानी में पुरानी रंजीश को लेकर के ग्राम बोरानी निवासी फरियादी ममता बाई एवं उसकी लड़की बिजवाड़ बाजार में बाजार हाट करने जा रही थी तभी रास्ते में पार्वती बाई ने ममता बाई की लड़की एवं ममता बाई पर मोटरसाइकिल रुकवा कर थप्पड़ एवं मुक्की से हमला कर दिया और गंदी-गंदी गालियां देने लगी इस दौरान शिवानी एवं शिवानी की मां चमेली नायक बीच बचाओ के लिए गई तो पार्वती बाई ने शिवानी एवं शिवानी की मां चमेली के साथ भी हाथापाई करने लग गई ज्ञात ? रहे चमेली नायक आत्मनिर्भर भारत योजना प्रकोष्ठ महिला मोर्चा अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष एवं कबीर स्वयं सहायता समूह की भी अध्यक्ष है जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना कांटाफोड़ में दर्ज की गइ।

## शा .विज्ञान महाविद्यालय में हुआ गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम



**देवास।** कार्यलयीन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 2638/ 806/ आउशि/शा-5 अ/2025 भोपाल दिनांक 08.07.2025 के परिपालन में 10 जुलाई गुरू पुर्णिमा के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम कमला नेहरू सांदीपनी विद्यालय भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माधवी माथुर एवं जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष व्यास एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्व प्रथम भारतीय संस्कृति के अनुपालन में सरस्वती पूजन एवं वन्दना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ सरस्वती वंदना डॉ. कल्पना सिंह के द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात विद्यार्थीयो के द्वारा महाविद्यालयीन समस्त स्टाफ का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या के द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. ममता पथराडे ने कार्यक्रम की रूप रेखा को विस्तार से समझाया एवं बधाई दी। एवं वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. गिरीश शिव के द्वारा गुरू शिष्य परम्परा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसी तारत्मय में प्राणी शास्त्र विभाग से डॉ. प्रेमलता चौहान ने विद्यार्थीयो को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित द्विवेदी एवं प्रो. नाजनीन पठान ने किया। अंत मे आभार प्रो. रश्मि पाटिल के द्वारा दिया गया।

## महारानी पुष्पमाला राजे पवार शास कन्या महाविद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**देवास।** 10 जुलाई को महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि विजय श्रीवास्तव सर, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत प्राचार्य जी.डी. सोनी द्वारा पुष्प माला से किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का उद्बोधन लाइव प्रसारण के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने भारत में अनादि काल से चली आ रही गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को समझाया और आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान शिक्षा देने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि विजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में वेद परंपरा के महत्व पर



प्रकाश डाला और भारत द्वारा संसार को दिए गए योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, सभी गुरु यह चाहते हैं कि विद्यार्थियों का व्यक्तित्व उनके स्वयं के व्यक्तित्व से भी आगे निकले।

कार्यक्रम में प्राचार्य ने महर्षि वेदव्यास की बाल्यावस्था पर एक प्रेरणादायक कथा सुनाई, जिससे विद्यार्थियों को जीवन में संघर्ष और सिद्धि की महत्वता का अहसास हुआ। डॉ. अनीता भाना ने विद्यार्थियों को शिखर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में, कुछ विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए। इशिता पांचाल, तनुष्का डोडिया और अन्य विद्यार्थियों ने गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा गुरु पूर्णिमा का पर्व शिक्षकों के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने का एक अनमोल अवसर है, जो विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान और शिक्षा के महत्व को समझाता है।गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ऋषि का पांचाल बी एस सी फर्स्ट ईयर एवं द्वितीय स्थान पर तनिष्का डोरिया रही। कविता वाचन में प्रथम स्थान प्राप्त किया खुशबू दोहरे बीकॉम फर्स्ट ईयर एवं द्वितीय स्थान पर रही उदया मिश्रा ,बी एस सी फर्स्ट ईयर गीत गतिविधि में मुस्कान चौधरी प्रथम स्थान पर रही एवं शीतल चौधरी दूसरे स्थान पर विजयी रही है। समापन में कार्यक्रम की संचालक डॉ. शर्मिला कांटे ने सभी का धन्यवाद किया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर। महाविद्यालय का समस्त स्टाफ राजीव कुमार साहू प्रो. दीपनवीता गांगुली, प्रो. चारूशीला भोसले,प्रो. प्रीति तगाया,डॉक्टर लोकेश जारवाल प्रोफेसर पूजा सोनी प्रो. अंजलि वर्मा,प्रो., प्रमोद परिहार, राम सितम साकेत, प्रतिक्षा चौहान, नरेंद्र कुमार गुप्ता, मनीष दुबे, सुरेश व्यास, रघुनाथ मालवीय, अजय वर्मा, अभय तंवर, अर्चना सोलंकी, भावना जोशी, अल्पना कुशवाह,रवि कुमार भाटी, राधा पांडे, कमल किशोर ,पवित्रा बाई , प्रेम बाई, सरजू बाई, कृष्णा बाई, एवं महाविद्यालय की छात्राएं बड़ी संख्या मेंउपस्थित रहे। समस्त शैक्षिक, अशैक्षणिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बनाया।

# शासकीय महाविद्यालय में हुआ गुरू पूर्णिमा पर्व का आयोजन

**राज्य स्तरीय गुरु पूर्णिमा उत्सव का सीधा प्रसारण देखा**

**देवास।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार 10 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम के आरंभ में कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय भोपाल से मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न राज्य स्तरीय गुरु पूर्णिमा उत्सव का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के संस्कार हाल में दिखाया गया। प्रसारण उपरांत महाविद्यालय स्तर पर गुरु शिष्य परंपरा को पुन: प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से गुरु-सम्मान, विशेष व्याख्यान ,गीत , कविता-पाठ , भाषण प्रतियोगिता एवं वृत-चित्र



का प्रदर्शन जैसी गतिविधियां संपन्न की गई। गुरु अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ.एन. के. श्रीवास्तव एवं डॉ. भारत सिंह गोयल ने मंच को गरिमा प्रदान की। मीना भावलकर जन भागीदारी समिति सदस्य विशेष अतिथि के रूप में मंचासिन रही। प्राचार्य, डॉ. एस.पी.एस. राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. आर.एस.अनारे मुख्य वक्ता तथा डॉ ममता झाला भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी ने मंच सांझा किया। प्राचीन ज्ञान परंपरा के अनुसार मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पण के साथ मोनिका चौहान की मधुर सरस्वती वंदना से विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मंचासीन अतिथियों का श्रीफल, शाल एवं उत्तरीय से अभिनंदन, स्वागत कर सम्मान प्रदान किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों अदिति मिश्रा ,स्नेहा आठिया तथा शरद चौहान ने भाषण, काव्य पाठ ,एवं गीत के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा की प्रासंगिकता को सिद्ध किया। मुख्य वक्ता डॉ अनारे ने संस्कृत विद्वान गुरू कुमारिल भट्ट तथा शिष्य प्रभाकर मिश्र के प्रेरक प्रसंग से गुरु-शिष्य परंपरा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पक्ष को सदन में रखा। डॉ. आराधना डिकुना, प्राध्यापक रसायनशास्त्र ने गुरु-आराधना में मधुर गीत की प्रस्तुति दी। डॉ. श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय को तपोभूमि की संज्ञा देते हुए विद्यार्थियों को जीवन पथ पर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। डॉ. गोयल ने गुरु कृपा को जीवन का आधार बताया। श्रीमती भवालकर ने गुरु पूर्णिमा का आशय बताते हुए मां को पूर्ण गुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ राणा ने कहा कि आदर्श गुरु विद्या, ज्ञान और अनुभव से शिष्य के जीवन को परिष्कृत कर पारस बना देता है। आमंत्रित अतिथियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम पर तुलसी पौधों का रोपण किया गया।

आयोजन हेतु गठित समिति सदस्य डॉ. संजय बारोनिया, डॉ. लीना दुबे, डॉ. सत्यम सोनी, डॉ. संदीप नागर, डॉ. रजत राठौर एवं डॉ. माया ठाकुर की विशेष सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ रश्मि ठाकुर ने किया तथा आभार डॉ संजय गाडगे द्वारा व्यक्त किया गया।

## स्कूली छात्रों को कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण करवाया



**देवास।** रोटरी क्लब देवास द्वारा रोटेरियन संदीप भटनागर की पहल एवं वरिष्ठ रोटेरियन नवीन नाहर के विशेष सहयोग से स्कूली छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 3, नई बिल्डिंग देवास के कक्षा आठ के विद्यार्थियों के लिए देवास बालगढ़ रोड स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के भ्रमण का आयोजन किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कृषि गतिविधियों एवं पद्धतियों से परिचित करवाना था। विज्ञान केन्द्र के भ्रमण के दौरान छात्रों ने रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से होने वाली हानियों और जैविक खाद के लाभ को समझा। उन्होंने प्राकृतिक तरीके से बनने वाले किटनाशकों की यूनिट का भी निरिक्षण किया। गिर नस्ल की गायों को देखा तथा जैविक अपशिष्ट से वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की विधि समझी। वर्षा जल पुनर्भरण की आवश्यकता को समझा और विज्ञान केंद्र में बने सोक पिट को प्रत्यक्ष रूप से देखा। कार्यक्रम में रोटरी सचिव डा. सचिन नागर, रोटेरियन अमरजीत सिंह खनूजा, रोटेरियन नवीन नाहर व रोटेरियन सुधीर पंडित विशेष रूप से उपस्थित थे। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. नीरजा मेम, डा. महेन्द्रसिंह व डा. भार्गव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।चालिस बच्चों की स्कूली टीम को प्रधानाध्यापक सुरेश सिंह ठाकुर, अध्यापक सुनील चौधरी, श्रीमती किरण जैन व शैलबाला ने लीड किया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में कृषि विज्ञान केंद्र की टीम का विशेष व सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

## गुरू दीक्षा देने के साथ ही गुरुपूर्णिमा उत्सव मना

**देवास।** गुरूपूर्णिमा उत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पारम्परिक रूप से श्री दत्त पादुका मंदिर क्षेत्र बांगर में मनाया गया। व्यवस्थापक एवं पुजारी श्री दत्तप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि गुरूपूर्णिमा के अवसर पर 10 जुलाई को श्री क्षेत्र बांगर स्थित श्री दत्त पादुका मन्दिर पर प्रात: गुरु पादुका का 11 ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक कर आरती की गई। इसके बाद गुरुपूजन का कार्यक्रम के साथ नए साधको को गुरुदीक्षा दी गई एवं पुराने शिष्यों द्वारा बड़े गुरु काका महाराज का पूजन किया गया। दत्त पीठ के पीठाधीश्वर श्री श्रीपाद अवधूत स्वामी द्वारा नए भक्तों को गुरु दीक्षा प्रदान की गई।सुबह से ही मंदिर पर दर्शनार्थियों की भीड़ लगने लगी। गुरूदीक्षा कार्यक्रम प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक चला,जिसमे अनेकों भक्तों ने गुरु दीक्षा स्वामी श्रीपाद अवदूत महाराज से ग्रहण की। इस अवसर पर भंडारे के रूप में महाप्रसादी साबूदाने खिचड़ी व खोपड़ा पाक प्रसाद का वितरण भी मंदिर परिसर से किया गया। शाम तक सैकड़ो भक्तों के दर्शन का सिलसिला लगातार जारी रहा। कई वर्षों बाद मंदिर पर गुरुदीक्षा देने का कार्य आरंभ हुआ। इसके पूर्व बड़े काका महाराज जो कि ब्रम्हचारी थे उनके द्वारा भक्तों को दीक्षा दी।

## गुरु के आदर्शो और आशीर्वाद से जीवन के हर लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है-शर्मा

**सतवास।** सांदीपनि संकुल शा. उ. मा. वि. सतवास के सभाकक्ष में गुरु पूर्णिमा पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया, वही पर यह भाव,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं पूर्व संकुल प्राचार्य गोपाल कृष्ण शर्मा ने व्यक्त किए।माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया गया। संकुल प्राचार्य आशा जोशी ने स्वागत उदबोधन में कहा कि, आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हम अपने गुरुजन का सम्मान करते हुए, स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे , हमें उनके आदर्शो पर



चलना हे । अपने उदबोधन में शिक्षाविद गोपाल कृष्ण शर्मा ने कहा कि, गुरु के आदर्शो और आशीर्वाद से जीवन के हर लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता हे। छात्र - छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने पढ़ाई में खूब मन लगाने का और अनुशासन और संस्कार का जीवन में बहुत महत्व हे, इन्हे हमेशा अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रेवाराम हरियाले, हबीब शेख, चन्द्रशेखर जोशी, चिंतामणि बैरागी, सलीम खान , गणेश धूर्वे, अशोक शर्मा ने भी गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक शिक्षक मनोज दुबे ने किया। आभार प्रदर्शन सुरेश रानिया ने किया। कार्यक्रम में मकबूल खान, जितेंद्र कटारा , हीरालाल बर्मन, दीपिका जोशी, संध्या भारद्वाज, तोताराम सोनेर, सुनीलराठौर, अलकेश राठौर, प्रदीप गोयल, पंकज बैरागी, प्रदीप यादव, रजनी बकोरे, सुभाष मान्धन्या, सुमित बोहरे, हबीब खान, विनोद मालवीय, आनंद शर्मा, गजानंद यादव, आशीष व्यास, मनोज राठौर, सुदामा यादव, राहुल पचार, विशाल परमार, अहिरवार सर, माया उपाध्याय, सुनील कुशवाह, ओमप्रकाश गोयल, प्रमिला कर्मा, सावित्री चावरे, रामदिन ठाकुर, सहित विद्यालय के सम्पूर्ण स्टॉफ का योगदान रहा।

**एक नजर** अकादमी परिसर में एक स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया

# शतरंज प्रतियोगिता में देवास के खिलाडियों ने जिले का नाम रोशन किया

**देवास।** देवास की शतरंज अकादमी के होनहार खिलाडियों ने हाल ही में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरव से ऊँचा किया है। उज्जैन में आयोजित स्वर्गीय रामचंद्र सिंह कुशवाहा मेमोरियल ओपन रेपिड चौस टूर्नामेंट में भी अकादमी के खिलाडियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंडर-19 में आरव सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-11 मे रिद्धेश अयाचित ने तृतिय स्थान प्राप्त किया। आदित्य आचार्य ने इसी प्रतियोगिता में 11 वां स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इंदौर में आयोजित सोमवती देवी मेमोरियल प्रथम इंटर स्कूल कॉम्पिटिशन मे हेरम्ब खड़कोदकर ने अंडर-14 रैपिड टूर्नामेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। खिलाडियों की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में



अकादमी परिसर में एक भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर खिलाड़ी अमरजीत खनूजा और जिला शतरंज संघ अध्यक्ष सुधीर पंडित, प्रगति एथलेटिक्स क्लब के सचिव अनिल श्रीवास्तव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जावेद पठान विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के अन्य पदाधिकारी उपाध्यक्ष चेतन राठौड़, संदीप जाधव, कोषाध्यक्ष क्षितेन्द्र सिंह, सह-सचिव पवन पाटिल, सरफराज सिद्दीकी, कोच मुकेश धुरिया, पीयूष श्रीवास्तव, आदित्य आचार्य, कार्यकारिणी सदस्य कुणाल आयाचित, राजेन्द्र शर्मा, हरिओम, अभिमन्यु सहित अनेक साथी उपस्थित रहे। जिला शतरंज संघ के सचिव पवन यादव ने बताया कि अकादमी के ये खिलाड़ी निरंतर अभ्यास और सक्रिय प्रतियोगिता भागीदारी से न केवल अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं, बल्कि देवास जिले को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी दिला रहे हैं।